दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, मंगलवार 18 फरवरी 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 141

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जामिया हिंसा के दौरान घायल छात्र ने मांगा दो करोड़ का मुआवजा

» याचिका पर हाईकोर्ट ने भेजा केंद्र, पुलिस और दिल्ली सरकार को नोटिस

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जामिया हिंसा के दौरान घायल छात्र शय्यान मुजीब द्वारा 2 करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनवाई की। हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार, दिल्ली पुलिस और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। छात्र ने अपनी याचिका में कहा है कि वह पुस्तकालय में बैठा था, पुलिस ने उसके साथ मारपीट की, जिससे दोनों पैर उसके फ्रैक्चर हो गए। इलाज में 2.5 लाख खर्च हुए हैं।

### नौसेना अध्यक्ष एडमिरल करमबीर सिंह का आज से म्यांमार दौरा

**नईदिल्ली।** नौसेना अध्यक्ष एडमिरल करमबीर सिंह 17 से 20 फरवरी तक म्यांमार की यात्रा पर जा रहे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और म्यांमार के बीच द्विपक्षीय समुद्री संबंधों को मजबूत करना और आगे बढ़ाना है। अपनी यात्रा के दौरान, सीएनएस एडमिरल सिंह म्यांमार नौसेना के सी-इन-सी एडमिरल टिन आंग सान के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और महामहिम वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लिंग, सी-इन-सी रक्षा सेवा, और अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से मुलाकात भी करेंगे। सीएनएस नैय पेई ताव शहर में नेशनल डिफेंस कॉलेज के प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत करेंगे, और यंगून में म्यांमार नौसेना के नौसेना डॉकयार्ड और प्रशिक्षण कमान का भी दौरा करेंगे।

### गार्गी कालेज मामले में हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर सीबीआई से मांगा जवाब

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** गार्गी कॉलेज में हुई छेड़छाड़ की घटना की सीबीआई जांच की मांग वाली एक याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को नोटिस जारी कर एजेंसी से जवाब मांगा है। अदालत ने 30 अप्रैल तक केंद्र सरकार, दिल्ली पुलिस और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब दाखिल करने को कहा है। पिछले हफ्ते यहां गार्गी कॉलेज में एक वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव के दौरान छात्राओं से कथित छेड़छाड़ को लेकर वकील एम.एल. शर्मा ने अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग को लेकर याचिका दायर की है। शर्मा ने इसी प्रकार की याचिका पहले सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी, लेकिन शीर्ष न्यायालय ने उन्हें इस बाबत दिल्ली हाईकोर्ट जाने के निर्देश दिए थे। वकील शर्मा ने याचिका में आग्रह किया है कि गार्गी कॉलेज परिसर के आसपास के कैमरों की जांच हो और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को देखा जाए, ताकि आपराधिक साजिश करने वालों की गिरफ्तारी हो सके। उन्होंने दावा किया है कि आपराधिक साजिश के पीछे कुछ नेताओं का हाथ है।

### शाहीन बाग प्रकरण पर आज सुको में होगी सुनवाई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सर्वोच्च न्यायालय में आज शाहीन बाग के रास्ता खुलवाने को लेकर सुनवाई होगी। इस मामले में कोर्ट ने पिछले सुनवाई में केंद्र, दिल्ली सरकार और पुलिस से जवाब मांगा था। आपको बताते जाए कि नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर के खिलाफ शाहीन बाग में प्रदर्शन लगातार जारी है। विरोध प्रदर्शन को खत्म कराने और कालिंदी कुंज-शाहिन बाग सड़क को खुलवाने की कई बार नाकामी हाथ लगी है। सूत्रों के मुताबिक, इस सुनवाई के दौरान शाहीन बाग में प्रदर्शनकारी महिलाएं भी अपना पक्ष रखने की तैयारी कर रही हैं। रविवार को शाहीन बाग के प्रदर्शनकारी गृह मंत्री अमित शाह से मिलने के लिए पैदल मार्च निकालने के लिए जुटे थे, लेकिन लोगों को पुलिस ने बीच में ही रोक दिया। प्रदर्शन में वॉलंटियर की भूमिका निभा रहे सोनू वारसी ने बताया कि जैसे शाहीन बाग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई है और शाहीन बाग की तरफ से कोई पार्टी नहीं है।

# व्यावसायिक नैतिकता और सामुदायिक कर्तव्य बोध का पर्याय है टाटाःनायडू



**जमशेदपुर (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने सोमवार को उद्योग संघों से अपेक्षा की कि वे आर्थिक और व्यावसायिक नैतिकता का उल्लंघन, आर्थिक अपराध करने वाले व्यावसायियों को अलग थलग करें। उन्होंने टाटा समूह की व्यावसायिक नैतिकता तथा सामुदायिक निष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि निजी क्षेत्र को व्यावसायिक नैतिक आदर्श के ऊंचे मानदंड स्थापित करने चाहिए।

इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि कुछ व्यवसायियों द्वारा आर्थिक सुधारों और सरल प्रक्रियाओं का गलत लाभ उठाया जिससे सुधार प्रक्रिया के प्रति संशय उत्पन्न हुआ। उन्होंने आर्थिक सुधारों को राष्ट्र में संपदा और समृद्धि के निर्माण के लिए अपरिहार्य बताया। उन्होंने निजी क्षेत्र से आह्वाहन किया कि बदलती हुई।

टेक्नोलॉजी और बढ़ते ऑटोमेशन के दौर में वे अपने कार्मिकों को भविष्य की नई तकनीकों में प्रशिक्षित करें। उन्होंने कहा कि भविष्य के कर्मियों को एक नए कार्य परिवेश में काम करने के लिए प्रशिक्षित किया जाना जरूरी है जिसमें उन्हें विविध काम करने में सक्षम होना होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आर्थिक विकास के लिए कर्मियों का कौशल प्रशिक्षण एवम् दक्षता आवश्यक है। सतत कार्मिक प्रशिक्षण हर संस्था का दायित्व होना चाहिए।

उन्होंने जमशेदपुर के शताब्दी समारोह के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। 1919 में लॉर्ग चेम्सफोर्ड ने साकची गांव का नाम बदल कर देश के महान उद्योगपति जमशेदजी नौशरवांजी टाटा के नाम पर जमशेदपुर रखा था।


उपराष्ट्रपति ने भारत के औद्योगिकीकरण के इतिहास में जमशेदजी नौशेरवांजी जी टाटा की दूरदृष्टी का उल्लेख किया। इस अवसर पर उन्होंने एक विशेष डाक टिकट तथा एक काफी टेबल बुक जा लोकार्पण किया। देश के स्वाधीनता आंदोलन के परिपेक्ष्य में जमशेदपुर की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि गत शताब्दी के तीसरे दशक में वैश्विक मंदी के दौरान यहां के मजदूर संघ का नेतृत्व नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने किया था। 1925 में महात्मा गांधी स्वयं इस इस्पात नगरी में आए तथा कंपनी की प्रगति की कामना करते हुए, मजदूर मालिकों के बीच आदर्श मैत्री पूर्ण संबंधों का आग्रह किया था। उपराष्ट्रपति ने कहा कि विकास के लिए शांति आवश्यक शर्त है इसके लिए मजदूरों और मालिकों के मध्य सौहार्दपूर्ण सामंजस्य पूर्ण संबंध होने चाहिए। उन्होंने कहा कि महज सरकारी खर्च से अभीष्ट विकास दर प्राप्त नहीं की जा सकती।

# मुठभेड़ में दो बदमाश ढेर



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस ने सोमवार तड़के करीब 5 बजे हुई जबरदस्त मुठभेड़ में दो बदमाशों को ढेर कर दिया। मारे गए बदमाशों का नाम राजा पहलवान उर्फ रफीक और रमेश उर्फ राजू उर्फ बहादुर है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के साथ दोनों की मुठभेड़ उस वक्त हुई जब वे मां आनन्दमयी मार्ग तुगलकाबाद के रास्ते ओखला मंडी इलाके की ओर जा रहे थे। दिल्ली पुलिस के एक आला अधिकारी ने बताया, मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाशों ने हमारी टीमों पर भी जमकर फायरिंग की। चूंकि, पूरी टीम बुलेटप्रूफ जैकेट्स और हथियारों के बीच थी, इसलिए सेफ हो गयी। बदमाशों द्वारा पुलिस की वाहनों पर कई गोलियां चलाई गईं। मुठभेड़ सुबह पांच बजे के करीब तब हुई जब दोनों बदमाशों को आवाज देकर पुलिस टीम ने सरेंडर करने को कहा। जवाब में पहले तो बदमाश मौके से भागने लगे। उसके बाद उन्होंने पीछे दौड़ रहे पुलिस टीम के सदस्यों पर ही गोलियां झोंकनी शुरू कर दीं। बचाव और जवाब में दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की टीम को भी गोलियां चलानी पड़ीं। कुछ देर दोनों ओर से हुई गोलीबारी में बदमाश गोलियां लगने से जख्मी हो गये। उन्हें पास ही स्थित एक अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पता चला है कि, मुठभेड़ में ढेर राजा पहलवान विकास कुंज इंद्रपुरी, लोनी, गाजियाबाद का रहने वाला था। जबकि उसका दूसरा मारा गया साथी बदमाश रमेश राजू महालक्ष्मी एन्क्लेव, शिव विहार, करावल नगर दिल्ली में रहता था। पता चला है कि, मुठभेड़ में ढेर राजा पहलवान विकास कुंज इंद्रपुरी, लोनी, गाजियाबाद का रहने वाला था। जबकि उसका दूसरा मारा गया साथी बदमाश रमेश राजू महालक्ष्मी एन्क्लेव, शिव विहार, करावल नगर दिल्ली में रहता था।

## विकास की परियोजनाएं केन्द्र शासित प्रदेश को नई ऊर्जा-गति प्रदान करेगीःकोविन्द



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने सोमवार को दमन में आयोजित समारोह में दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन केंद्र शासित प्रदेशों में राष्ट्रपति के रूप में उनकी यह पहली यात्रा है और यहां जन कल्याण और विकास परियोजनाओं के उद्घाटन समारोह में पहुंचकर उन्हें काफी खुशी हो रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये परियोजनाएं केंद्र शासित प्रदेशों के विकास को नई ऊर्जा और गति प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन लोगों के कल्याण और प्रगति के लिए काफी प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में यह अब सभी नागरिकों की जिम्मेदारी बनती हैं कि वे अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत और समर्पित रहते हुए, राष्ट्रहित में पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ काम करें। शाम को राष्ट्रपति मोती दमन जेट्टी से जम्पोर के बीच तक जम्पोर सी फ्रंट रोड और दमन में आयुष्मान भारत आरोग्य केंद्र का उद्घाटन करेंगे।

## वैन पेड़ से टकराकर पुल से 25 फीट नीचे गिरी, 8 की मौत, 15 घायल

**मुंबई (आरएनएस)।** यवतमाल में सोमवार को एक पिकअप वैन के पुल से नीचे गिरने से 8 की मौत हो गई और 18 जख्मी हो गए। वैन सवार लोग रिश्तेदार की अस्थि विसर्जन के लिए कोठेश्वर मंदिर गए थे। संस्कार पूरा करने के बाद वे जोडमोहा लौट रहे थे कि अचानक ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और वैन पेड़ से टकराकर पुल से 25 फीट नीचे गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना भयावह था कि 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 2 ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में 18 लोगों के घायल होने की भी सूचना है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मदद के लिए घटनास्थल की ओर भागे।

## एयर इंडिया के 68 कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र

» वुहान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकाला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हरदीप सिंह पुरी ने वुहान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने के अभियान में शामिल एयर इंडिया के 68 कर्मचारियों को आज प्रधानमंत्री की ओर से दिया गया प्रशंसा पत्र सौंपा।

नागरिक उड्डयन सचिव राजीव बंसल, एयर इंडिया के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राजीव बंसल, पूर्व अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक अश्विनी लोहानी सहित मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे। चीन में नोवेल कोरोना वायरस के प्रमुख केन्द्र वुहान शहर से कुल 647 भारतीयों और मालदीव के सात नागरिकों को निकाला गया था।

पुरी ने इस अभियान में टीम भावना के साथ किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा 'एयर इंडिया की टीम ने महामारी से प्रभावित वुहान शहर की विषम परिस्थितियों के बावजूद अपने देशवासियों को स्वेदश लाने के लिए जिस समर्पण भाव के साथ काम किया है उसपर हमें गर्व है। 'उन्होंने कहा 'मुझे इस ऐतिहासिक अभियान का हिस्सा बने लोगों को प्रधानमंत्री की ओर से दिया गया प्रशंसा पत्र सौंपने में गर्व महूसस हो रहा है। मैं इन सभी लोगों को राष्ट्र सेवा के उनके इस कार्य के लिए तहेदिल से धन्यवाद देता हूं।' एयर इंडिया के चालक दल द्वारा वुहान शहर में एक आपातकालीन निकासी अभियान चलाया गया था और गंभीर परिस्थितियों से अवगत होने के बावजूद 31 जनवरी, 2020 और 1 फरवरी, 2020 को लगातार दो दिन 423 सीटों वाले बी-747 विमान वहां भेजे थे। इस अभियान का नेतृत्व एयर इंडिया के 68 सदस्यों के साथ कैप्टन अमिताभ सिंह ने किया था।

## एजी ने वैबको होल्डिंग्स इंक. की 100 प्रतिशत अंशभागिता खरीदने को दी मंजूरी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जेडएफ एक वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी है और यह यात्री वाहनों, वाणिज्यिक वाहनों, राजमार्गों से इतर चलने वाले वाहनों एवं औद्योगिक प्रौद्योगिकी के लिए विभिन्न तरह के उत्पादों और प्रणालियों को विकसित, निर्माण एवं वितरण करती है। इसके उत्पादों में विशेषकर गियर बाक्स, स्टीयरिंग, एक्सल, क्लच, डैम्पर, चेसिस के विभिन्न कलपुर्जे एवं सिस्टम, ऑटोमोटिव एप्लीकेशन के लिए सक्रिय व निष्क्रिय सुरक्षा प्रौद्योगिकी और अन्य संबंधित कलपुर्जे शामिल हैं। वैबको मुख्यतः न्यूमैटिक ब्रेकिंग कंट्रोल सिस्टम के साथ-साथ ऐसी प्रौद्योगिकियों और सेवाओं की एक वैश्विक आपूर्तिकर्ता है, जिससे ट्रकों, बसों एवं ट्रेलरों सहित वाणिज्यिक वाहनों की सुरक्षा, दक्षता एवं कनेक्टिविटी बेहतर होती है। इसके उत्पादों और सेवाओं में एकीकृत ब्रेकिंग सिस्टम एवं स्थिरता नियंत्रण, एयर सस्पेंशन सिस्टम एवं ट्रांसमिशन ऑटोमेशन कंट्रोल के साथ-साथ वायुगतिकी और टेलीमैटिक्स शामिल हैं। इसके अलावा, वैबको बेड़ा (फ्लीट) प्रबंधन सॉल्यूशंस, डायग्नोस्टिक उपकरण एवं प्रशिक्षण तथा अन्य विशेषज्ञ सेवाओं के साथ बेड़ा ऑपरेटरों की आपूर्ति भी करती है।

# किसानों को हर दो वर्ष में दिए जाते हैं मृदा स्वास्थ्य कार्ड



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वर्ष 2015 में अंतर्राष्ट्रीय मृदा वर्ष मनाया गया था। देश के हर खेत की पोषण स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए इसी साल 19 फरवरी को मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसा भारत का अनोखा कार्यक्रम शुरू किया गया था। इस योजना का लक्ष्य देश के किसानों को हर दो साल में मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करना है, ताकि खाद इत्यादि के बारे में मिट्टी पोषण कमियों को दूर किया जा सके। मिट्टी की जांच करने से खेती के खर्च में कमी आती है, क्योंकि जांच के बाद सही मात्रा में उर्वरक दिए जाते हैं। इस तरह उपज के बढ़ने से किसानों की आय में भी इजाफा होता है और बेहतर खेती संभव हो पाती है।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 फरवरी, 2015 को राजस्थान के सूरतगढ़ में शुरू किया था। यह योजना देश के किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान करने के लिए राज्य सरकारों को मदद देती है। इस कार्ड में मिट्टी की पोषण स्थिति और उसके उपजाऊपन की जानकारी सहित उर्वरक तथा अन्य पोषक तत्वों के बारे में सूचनाएं मौजूद होती हैं। 2015 से 2017 तक चलने वाले पहले चरण में किसानों को 1,10.74 करोड़ और 2017-19 के दूसरे चरण में 11.69 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि अब तक 429 नई स्थायी मृदा जांच प्रयोगशालाएं, 102 नई चलती मृदा जांच प्रयोगशालाएं और 8,752 लघु जांच प्रयोगशालाएं उपलब्ध कराई गई हैं। गांव स्तर पर भी मिट्टी की जांच करने के लिए कृषि उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अब तक इस संबंध में गांवों में 1562 जांच प्रयोगशालाओं को मंजूरी दी गई है और मौजूदा 800 प्रयोगशालाओं को उन्नत किया गया है। इस तरह पांच वर्ष की छोटी अवधि के दौरान मिट्टी की जांच करने की क्षमता बढ़ गई है। इस दौरान एक वर्ष में 3.33 करोड़ नमूनों की जांच की गई, जबकि पहले 1.78 करोड़ नमूनों की जांच ही हो पाती थी। मृदा स्वास्थ्य कार्ड में 6 फसलों के लिए दो तरह के उर्वरकों की सिफारिश की गई है, इसमें जैविक खाद भी शामिल है। अतिरिक्त फसल के लिए भी किसान सुझाव मांग सकते हैं। एसएचसी पोर्टल से किसान अपना कार्ड प्रिंट करवा सकते हैं। इस पोर्टल पर 21 भाषाओं में खेती के बारे में सभी जानकारी उपलब्ध है। किसानों के लाभ के लिए प्रशिक्षण, प्रदर्शनी और किसान मेलों का भी आयोजन किया जाता है। योजना के तहत राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के लिए 8,898 किसान प्रशिक्षण और 7425 किसान मेलों को स्वीकृति दी गई है।

## गोल्ड लोन कंपनी से 30 किलो सोना और 3 लाख कैश लूटकर फरार हुए लुटेरे




**लुधियाना (आरएनएस)।** राज्य में चोरों व बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब दिनदहाड़े वह हाथियों के दम पर बड़ी वारदातों को अंजाम देने लगे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण लुधियाना से सामने आया है। यहां आज दोपहर एक गोल्ड लोग कंपनी से 30 किलो सोना और साढ़े 3 लाख रुपए कैश की लूट लिया गया।

बताया जा रहा है कि लूट की वारदात को 4 हथियारबंद बदमाशों ने अंजाम दिया है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ये घटना करीब पौने 12 बजे लुधियाना के गिल रोड पर स्थित आईआईएफएल गोल्ड लोन बैंक की है। मिली जानकारी के अनुसार यहां घुस आए 4 युवकों के हाथों में हथियार थे।

उन सभी ने आते ही बैंक के स्टाफ और यहां आए ग्राहकों को बंधक बना लिया। इसके बाद यहां से सोना और कैश लूटकर फरार हो गए। सूचना मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

## केजरीवाल ने संभाला दिल्ली के सीएम का कार्यभार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आप पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने आज सुबह मुख्यमंत्री के तौर पर कार्यभार संभाल लिया है। अरविंद केजरीवाल लगातार तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने हैं। अरविंद केजरीवाल के अलावा उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी कार्यभार संभाला। दिल्ली की नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक आज होनी है। इससे पहले अरविंद केजरीवाल सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन, इमरान हुसैन, राजेंद्र पाल गौतम ने कार्यभार संभाल लिया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज पहली कैबिनेट की बैठक करेंगे।

» गांधीनगर में वन्य जीवों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर 13वां सीओपी सम्मेलन

# ज्ञात वैश्विक जैव विविधता में भारत का 8 प्रतिशत योगदानःमोदी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गांधीनगर में सोमवार को वन्य जीवों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर 13वें सीओपी सम्मेलन का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सर्वाधिक विविधताओं से भरे देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि दुनिया के 2.4 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र के साथ, भारत ज्ञात वैश्विक जैव विविधता में लगभग 8 प्रतिशत का योगदान करता है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि युगों तक, वन्यजीवों और उनके पर्यावास का संरक्षण भारत के ऐसे सांस्कृतिक लोकाचार का हिस्सा रहा है, जो करुणा और सह-अस्तित्व को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा, गांधी जी से प्रेरणा लेकर अहिंसा तथा जीवों एवं प्रकृति के संरक्षण के सिद्धांत को देश के संविधान में उपयुक्त स्थान दिया गया है जो कई कानूनों और विधानों में परिलक्षित है।''

उन्होंने भारत के वन क्षेत्रों में वृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वर्तमान में देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 21.67 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि किस तरह से भारत संरक्षण, सतत जीवन शैली और हरित विकास के मॉडल के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने की दिशा में सबसे आगे बढ़कर काम कर रहा है। इस संदर्भ में, उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों, स्मार्ट शहरों और जल संरक्षण को देश में प्रोत्साहन दिए जाने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत उन कुछ देशों में से एक है, जहां तापमान में वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने के पेरिस समझौते के लक्ष्यों के अनुरूप काम किया जा रहा है।